
# सागर जिला







# युवा संवाद से निश्चित परिवर्तन आयेगा

## वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारत के दृष्टिकोण विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. युवा संवाद से निकला संदेश, वैश्विक समस्याओं का समाधान सनातन दर्शन के पास है.**

यह संदेश स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश की 132 वीं वर्षगांठ पर आयोजित यहां आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में निकलकर आया है. संस्कृति प्रकृति प्रधान है यह जीवंत प्रमाणिकता उस संस्कृति की है, जिसने आज युवा संवाद में वैश्विक चुनौतियां का समाधान और भारत के दृष्टिकोण जैसे विषय को उठाया है. सारी दुनिया के अंदर वैश्विक संकट का कोई समाधान नहीं है. इस संकट काल में भारतीय दर्शन या सनातन दर्शन समाधान लेकर आता है. यह उद्गार नर्मदा पुत्र समर्थ दादा गुरू ने कही. उन्होने कहा कि यहां एक चिंतन चल रहा था, यह चिंतन समाज का संदेश हो जाये, एक सार्थकता हो जाये. निश्चित ही इससे जीवन बदलेगा और दुनिया को बदलने की सामर्थ्य भी होगी. ऐसे संवादों से निश्चित ही परिवर्तन आयेगा. रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलगुरू विनोद मिश्रा ने कहा कि सभी सुख, मन का सुख, बुद्धि का सुख और आत्मा का सुख का अध्यन करके वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है. मुख्य वक्ता आशुतोष सिंह ने कहा कि इस्लामिक व पश्चिमी विचार मोनोथिएस्टिक हैं. उनके ईश्वर को जो नहीं मानते उनके अनुसार वे पापी हैं ऐसे में सह अस्तित्व की अवधारणा ही वहां नहीं है. यही आतंकवाद और धर्मांतरण जैसी समस्याओं की जड़ है. आयोजक अविराज भूपेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि आतंकवाद, लव-जेहाद व मिशनरीज गतिविधियों से धर्म परिवर्तन, टेरिफ और ट्रेड वार, अवैध ड्रग्स और शराब जैसी समस्याएं हमारे सामने चुनौती के रूप में हैं.



कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, सुनील देव, डा. गौरीशंकर चौबे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी सहित बड़ी संख्या में जिले का प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहा.

## नवागत डीआईजी सिंह ने कार्यभार संभाला

**सागर.** नवागत उप पुलिस महानिरीक्षक शशीन्द्र सिंह चौहान ने सागर में कार्यभार ग्रहण किया. 2010 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक शशीन्द्र सिंह चौहान ने सागर रेंज में अपनी ड्यूटी ज्वाइन की. वे 32वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल उज्जैन में उप पुलिस महानिरीक्षक/सेनानी के पद से स्थानांतरित होकर सागर आए है. कार्यभार ग्रहण करने पर पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिंहा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. श्री चौहान पूर्व में भी सागर पुलिस प्रशिक्षण शाला में सेवाएँ दे चुके हैं तथा सागर जिले से भलीभांति परिचित हैं. उनके पुन: सागर में पदस्थापना से पुलिस बल में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है.

# सांदीपनि विद्यालय का शेष कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करें

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. संभागायुक्त अनिल सुचारी जैसीनगर पहुंचे. जहां उन्होंने सांदीपनि विद्यालय, साइबर तहसील, लोक सेवा केंद्र एवं अजाजजा छात्रावास का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए. श्री सुचारी को अचानक जैसीनगर विकासखंड पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम सांदीपनि विद्यालय के निर्माण अधिनियम भवन का निरीक्षण किया. जहां उन्होंने भवन निर्माण में लगी कोटा स्टोन को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की एवं निर्देश दिए की तत्काल कोटा स्टोन को बदलकर दूसरा लगाया जावे. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विद्यालय के भवन में जो कक्ष तैयार हो गए हैं उनमें कक्षाएं प्रारंभ की जावे. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से भी भवन का अवलोकन कराएं जिससे कि उनके अनुसार भी कुछ उसमें सुधार हो सके. उन्होंने कहा कि भवन के बालक एवं बालिकाओं के शौचालय भी शीघ्रता से चालू करें. शौचालय में सभी जगह पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे. संपूर्ण भवन में पेयजल व्यवस्था हेतु ऑरो सिस्टम भी लगे जिससे की शुद्ध शीतल पेयजल विद्यार्थियों को उपलब्ध हो सके. कमिश्नर ने साइबर तहसील के निरीक्षण के दौरान नामांतरण की पेंडिंग प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी पेंडिंग प्रकरणों का निराकरण तत्काल किया जावे एवं जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें.



## एक नजर में



### स्कूटी नहीं सपनों को उड़ान देने का माध्यम

**सागर.** मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के 251 हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई. मुख्य आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा यह केवल स्कूटी नहीं है, बल्कि आपके सपनों को उड़ान देने का माध्यम है. इस दौरान डीईओ अरविंद जैन, प्राचार्य सुधीर तिवारी उपस्थित रहे.



### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु सहयोग राशि एकत्रित

**रहली.** देश के पंजाब राज्य में व्यास, राबी नदी में आई भीषण बाढ़ से जन जीवन प्रभावित है. संकट की इस घड़ी में लोगों ने बजरिया, राव मार्केट, जबलपुर चौराहा बस स्टेड मेन रोड में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सहयोग राशि एकत्रित की. सुरेश सिंह ने कहा कि पंजाब बाढ़ आपदा की घड़ी में हमारी भावनाएं पंजाब के लोगों के साथ हैं. पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुशील हजारी ने कहा कि रहली की परंपरा रही है कि देश के किसी कोने में प्राकृतिक आपदा आई तो रहली के लोगों के बढ़ चढ़ कर सहयोग किया है. इस दौरान डॉ बसंत नेमा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष अनूप ददरया, अक्षय हजारी, अमन जैन, डॉ नीरज पटेल, विकास चौरसिया, अमित सोनी, गौरव सिंह ठाकुर, सोमू सेठ, अभिषेक सेंधिया, साहित्य जैन, गोलू नेमा शामिल थे.




### जीवन में हमें अभिमान नहीं करना चाहिए

**बीना.** मां जागेश्वरी धाम पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पंडित जय नारायण शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया. इस दौरान उन्होंने पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें और भगवान श्री कृष्ण का गौ प्रेम जैसे प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया. कथा व्यास ने बताया कि इस युग में हरि नाम का स्मरण ही जीव के कल्याण के लिए पर्याप्त है. पंडित जय नारायण शास्त्री ने बताया कि हमें जीवन में अभिमान नहीं करना चाहिए गोवर्धन पूजा की कथा भगवान कृष्ण की लीलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रभा ठाकुर निक्की जैन, गौरव सिरोठिया, नंदकिशोर व्यास,पीपी नायक, हरि नारायण कुशवाहा, ईशान साहू, अमर प्रताप सिंह, ओमप्रकाश पासु, अनुराग सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, सतीश तिवारी, श्याम लखेरा, संजय तिवारी, राम राजा यादव आदि मौजूद रहीं.



### भगत सिंह वार्ड में सीसी रोड का निरीक्षण

**बीना.** भगत सिंह वार्ड में निकाय निधि से 6 .50 लाख रुपए की लागत से बन रही सीसी रोड का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लता सकवार ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष लता सकवार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि नपा बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लगातार काम कर रही है और प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध तरीके से सड़क, नाली एवं अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं. इस दौरान वार्ड पार्षद एवं सभापति श्रीमती मधुलिका यादव, पार्षद श्रीमती मीना हरिओम चौबे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे.



# पंचायत सचिवों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास पर आयोजित जनसुनवाई में पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्री श्री राजपूत के लिए ज्ञापन सौंपा हैं.**

मंत्री राजपूत ने कहा कि पंचायत सचिव ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं. मंत्री श्री राजपूत ने ज्ञापन सौंपने आए पंचायत सचिव संगठन के समस्याओं को सुना एवं आश्वसत किया कि उनकी सभी जायज मांगों एवं समस्याओं का शासन स्तर पर उचित निराकरण किया जाएगा.

# वन विभाग ने पौधारोपण क्षेत्र की चेनलिंक जाली पकड़ी

नवभारत न्यूज

**बांदरी 11 सितंबर. पुलिस व वनविभाग की टीम ने घेराबंदी कर एक वाहन में ले जाई जा रही पौधरोपण क्षेत्र की चेनलिंक जाली को बरामद किया है. पुलिस ने वाहन जप्त कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. वहीं दूसरी ओर वन विभाग ने मुहिम चलाकर चंद्रापुर व सागौनी वीट वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई की है.**

रेंजर लखन सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले दिनों वन परिक्षेत्र बांदरी की वीट चंद्रापुर अंतर्गत पौधरोपण क्षेत्र की चेनलिंक जाली अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी, जिसकी तलाश बांदरी पुलिस की मदद से लगातार जारी थी. चोरी गई जाली का सुराग लगाने के लिए वनपाल राहुल यादव अपने स्टाफ सहित एवं मुखबिर सक्रिय थे. मुखबिर ने सूचना दी कि एक आपे वाहन में चेनलिंक जाली जा रही है तो पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने घेरा बंदी कर आपे वाहन को रोका. बजाज आपे क्रमांक एमपी 15 एलए 4261 में जाली रखी पाई गई. इस दौरान वाहन में मौजूद शाहरूख खान एवं रिहान खान निवासी खुरई ने बताया कि कबाड़े में यह जाली मगरा निवासी सत्यपाल लोधी के यहां से खरीदी है. पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर वाहन जप्त कर लिया है. साथ ही आरोपियो को हिरासत में ले लिया है. कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमेर सिंह, प्रधान आरक्षक राजपूत, वनपाल राहुल यादव, अनिरूद्ध तिवारी, सुरेंद्र सिंह, वनरक्षक अतुल तिवारी, नंदलाल यादव की भूमिका रही.

### वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

वन विभाग ने चंद्रापुर व सागौनी वीट वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया. रेंजर श्री ठाकुर ने बताया कि चंद्रापुर के कक्ष क्रमांक आर.एफ 256 से 30 हेक्टेयर भूमि से बारगा हटाकर चरनोई वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त की गई। दूसरी वीट सागौनी के कक्ष क्रमांक पी.एफ.167 में 35 हेक्टेयर पी.एफ.170 में 25 हेक्टेयर भूमि एवं पी.एफ 171 से 30 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाकर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है. कार्रवाई में वनपाल राहुल यादव, अनिरूद्ध तिवारी, सुरेंद्र सिंह, वनरक्षक अतुल तिवारी, नंदलाल यादव, राहुल कुशवाहा, हल्ले प्रसाद यादव मौजूद थे.

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. देवरी में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया.**

बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस सागर के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मौहासा उपस्थित रहे. बैठक के दौरान क्षेत्र की गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और इन्हीं मुद्दों को लेकर किसान व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम मुनव्वर खान को सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि अतिवृष्टि से खरीफ फसलों का भारी नुकसान हुआ है, किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए,



किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में देवरी क्षेत्र के किसानों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को रोका जाए, अतिवृष्टि से गरीब परिवारों के नष्ट हुए आवासों के लिए राहत राशि तुरंत प्रदान की जाए. बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर की जा रही लूट पर रोक लगाई जाए, मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर कठोर कार्रवाई की जाए. इस दौरान पूर्व मंत्री हर्ष यादव, पूर्व जपं अध्यक्ष आँचल आठ्या, आशीष राजोरिया, सरमन लोधी, सुखदेव अरेले, पवन लोधी, लक्ष्मीनारायण सोनकिया, पार्षद रिचा सिंह, सीमा चौधरी, शालू सेंगर, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू, सूर्या शुक्ला, विनोद यादव, पीयूष अवस्थी, संजय रोहितास, मनोज पवार आदि मौजूद थे.

## सौम्या हुईं पुरस्कृत

**रहली.** सौम्य पिता शक्तिकांत बुधौलिया एडवोकेट ने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में उप विजेता बनकर द्वितीय स्थान प्राप्त करके अपने संगीत विद्यालय मार्तंड संगीत संस्थान रहली के संगीत गुरु भास्कर पुरानी तथा अपने माता-पिता परिवार सहित संपूर्ण रहली नगर को गोरवान्वित किया है. पुरुस्कार में 51000/ रु का चेक एवं ट्राफी प्रदान की गई. सौम्या का छोटी उम्र से ही संगीत से लगाव था. जानकारी के अनुसार गणेश उत्सव नवरात्रि तथा धार्मिक उत्सवों पर सौम्या के गायन सुनने आज भी भीड़ उमड़ती है.

# प्रचार-प्रसार रथ रवाना



नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत आज जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.**

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रथ को रवाना किया गया. यह प्रचार रथ सागर जिले के विभिन्न मुख्य चौराहों, गलियों, बाजारों एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को नेशनल लोक अदालत की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली एवं उससे होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करेगा.



# स्टार्टअप छात्राओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को उद्यम एवं स्टार्टअप की ओर अग्रसर करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

वूमेन ग्रुप ऑफ अवेयरनेस सोसायटी वेगास द्वारा छात्राओं को उद्यम एवं उद्यमिता के विषय में प्रोत्साहित किया गया1 मुख्य अतिथि वेगास ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती पूजा गोयल ने कहा कि वेगास ग्रुप द्वारा आगामी मेले में महाविद्यालय के स्टार्टअप छात्राओं को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराया जायेगा. जनभागीदारी अध्यक्षमनीषा विनय मिश्रा द्वारा छात्राओं को उनके स्टार्टअप एवं उद्यम के लिए बधाई दी गई. प्राचार्य डॉ. नवीन गिडियन के द्वारा छात्राओं को स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं मेंटरशिप के विषय में उल्लेख किया एवं उन्हें स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया.

## तीर्थ यात्री हुए रवाना

**सागर.** सामायिक श्री तीर्थ यात्रा संघ शाहगढ़ के तत्वाधान में गिरनार जी श्रवणवेलगोला के तीर्थयात्रियों की बसें आज रवाना हुईं. जो कि शाहगढ़ से कुंडलपुर के दर्शन करते हुए महराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात राज्यों में स्थित तीर्थक्षेत्रों के दर्शन कर 23 दिन की यात्रा के बाद वापिस आयेगी. तीर्थयात्रा में सागर से सेठ अशोक पिड़रुआ, सतेंद्र फुसकेले, पदम जैन, मुन्नालाल जैन राज सहित कई तीर्थयात्री शामिल होने जा रहे हैं. तीर्थयात्रियों ने आज दमोह जिले के पथरिया में पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज और मोराजी में विराजमान मुनिश्री विमल सागर महाराज को श्रीफल भेंटकर सफल तीर्थयात्रा के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया. तीर्थयात्रा में लगभग 70 से 80 यात्री जा रहे हैं जो कि तीर्थ वंदना कर वापिस सागर आयेंगे.

# किले के जीर्णोद्धार के लिए उठाए जायें कदम

नवभारत न्यूज
( सौरभ जैन )

**गौरझामर 11 सितंबर. गौड शासनकालीन प्राचीन किला ऐतिहासिक धरोहर जो आज भी पुरानी यादों को अपने आप में समेटे हुए है.**

भारत की पुरानी राजतंत्र शासन प्रणाली का जीता जागता नमूना है जिसने अपने शासनकाल की अनेको लड़ाईयों से लेकर ब्रिटिश हुकुमत मे भारत की परतंत्रता के दंश को भी झेला व महसूस किया है. जिसका वह साक्षी है. जानकारी के अनुसार करंजुआ नदी के तट पर स्थित किले की भौगौलिक स्थिति पर ध्यान केन्द्रित किया जावे तो यह किला अपने आकर्षक भित्ती निर्माण शैली ऊंची ऊंची गुम्बज गुर्जो मीनार व मोटी पक्की ईट की दीवारो से घिरा हुआ है.



उल्लेखनीय है कि किला आज भी अच्छी हालत में पुराने वैभव को समेटे हुए हैं, जिसमे गौड़ शासनकाल की विरासत का पता चलता है. भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा किले के संरक्षण मे उत्खनन व जीर्णोद्धार के काम कराये है जो किले की गरिमा व उसके पुरा वैभव को उकेरने मे सटीक नहीं बैठ रहे है. किले की दीवारो की संरचना में जो प्राचीन कलाकारी की जाना चाहिए, वह नही होने से किले की वास्तविकता का परिचय नही हो पा रहा है. लोगो का कहना है कि जीर्णोद्वार मे विषय विशेषज्ञों का चयन नही होने से यहां पर स्थानीय अकुशल शिल्पियों व मजदूरों से ही काम कराया गया है, जो किले की मरम्मत व जीर्णोद्धार के हिसाब से उचित नही है. किले मे सपाट काम किया गया है, जो आम घरों-मकानों में किया जाता है, जबकि किले के निर्माण में जो तत्कालीन कला का प्रयोग हुआ है, उसे ही उकेरा जाना चाहिए. गौरझामर के गौड़ शासनकालीन किले का जीर्णोद्वार अनगढ़िया अकुशल कारीगरों से नही कराके योग्य व किले के विषय मे महारत हासिल कारीगरों से कराया जावे जिससे किले की पुरातात्विक प्राचीन संरचना बहाल हो सके जीर्णोध्दार मे कलाकारो की कलाकारी से ही प्राचीन कृति का लोग दीदार कर सकते है वर्तमान काम बिगार स्वरुप हुआ है.

# गुरु गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 11 सितंबर. प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित गुरु गौरव सम्मान समारोह में शिक्षकों को सम्मानित किया.**

आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा गुरु ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं. शिक्षक विधायक मान सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं. उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी भविष्य की राह पाता है. अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा एसोसिएशन से जोड़कर शिक्षा की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करें..




संचालन शिक्षाविद जय शंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया. कार्यक्रम में संरक्षक किशोर मैथ्यू, सनत कुमार जैन खजुरिया, संजय श्रीवास्तव, गुलाम मुहम्मद गामा, अक्षय अलया, हाकिम सिंह, ध्यान सिंह, अजय जैन साईकिल, सर्वदेव तिवारी, ध्रुव साहू, विजय सिंह यादव, रवि शंकर राठौर, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह यादव, राजेश दुबे, अमन द्विवेदी,अजय बरया, सुनील शर्मा, अरूण देवलिया, राधवेन्द्र सिंह, सतीश पुरोहित, जगदीश द्विवेदी, इसरार खान, शिशुपाल सिह, बसीम खजुरिया, आकाश मसीह, प्रमोद लाल, श्रेयश डियोढिया, उत्कर्ष श्रीवास्तव, सोहिल खान, कपिल कुमार, राम बाबू राजपूत, मोहन सैनी, परवेज इकबाल, जगदीश कटारे मौजूद थे. आभार एसो.महामंत्री ध्रुव साहू ने माना.

## विवि में हिंदी पखवाड़ा

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माननीय कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर के मार्गदर्शन से राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा भाषा पर्व राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर विवि में 14 से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विवि के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक- 04 के छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. विवरण विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है.

# विशेष सफाई अभियान के निर्देश

नवभारत न्यूज

**खुरई 11 सितंबर. नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह ने नपा को विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं.**

सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया



कि विधायक श्री सिंह ने नगर के मंदिरों एवं सभी देवस्थानों में साफ-सफाई के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के निर्देश दिए हैं. इसके अलावा सागर नाका, बस स्टैंड, परसा चौराहा, जनपद चौराहा, बिहारी मंदिर, महाकाली टीन शेड सहित प्रमुख स्थलों पर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित होगा.

सीएमओ ने कहा कि यह कार्य विधायक श्री सिंह के विशेष निर्देशानुसार किया जा रहा है ताकि नगरवासी आगामी पर्व सुरक्षित, स्वच्छ और शांतिपूर्ण वातावरण में मना सकें. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार त्योहारों के समय किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नगर पालिका का लक्ष्य है कि हर नागरिक को बेहतर सुविधा और स्वच्छ वातावरण मिले. त्योहारों के दौरान हजारों लोग बाहर निकलते हैं, ऐसे में जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है. सीएमओ ने कहा कि इस बार त्योहारों पर खुरई और भी सुंदर एवं स्वच्छ नजर आएगी.